an>

Title: Need to provide interest free loans to the youth having professional degrees to start their own ventures.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ह्दय से अभिनंदन करता हूं। मैं एक महत्वपूर्ण विÂषय के बारे में आपसे निवेदन करना चाहता हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को ह्दय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने मध्यम वर्गीय लोगों के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए और दस्तकारों के लिए 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' प्रारंभ किया है। इस योजना के तहत आज तक 3 करोड़ 30 लाख लोगों को फायदा मिला है। अभी मैंने बैंकर्स की मीटिंग ली थी, इसके अलावा सबऑर्डिनेट लेजिसलेशन कमेटी की मीटिंग में गया, बैंकर्स से काफी बात हुई। माननीय वित्त मंत्री जी यहां विराजमान हैं, मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं, उससे स्पÂष्ट हुआ कि इसमें से काफी लोग 'शैशव अवस्था' में, यानी 10,000 रुपये से 50,000 रुपये वाले ज्यादा लोनी हैं, ज्यादा लोगों को लोन दिया गया, लोगों को फायदा हुआ। जो बेरोजगार बच्चे हैं, जो प्रोफेशनल कोर्स किए हुए हैं, एम.बी.ए. और इंजीनियरिंग किए हुए हैं, इसी प्रकार से वेटनरी वाले हैं। शायद उन लोगों ने अभी तक अप्लाई कम किया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से अर्ज करना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी अपने विभाग के मार्फत यह जानकारी प्राप्त करें कि कितने प्रोफेशनल बच्चों ने डिग्रिज ले रखी है, कितने लोगों ने लोन के लिए अप्लाई किया और कितने लोगों को लाभान्वित किया?

मेरा निवेदन है कि जो बच्चे प्रोफेशनल कोर्स किए हुए हैं, माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वे बेरोजार न घूमें, बल्कि वे रोजगार देने लायक बनें। अब रोजगार देने लायक बनने के लिए उन्हें न्यूनतम ब्याज दर के ऊपर 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाये ताकि वे अपना सेट-अप जमा सकें और लोगों को रोजगार दे सकें। अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से मेरा यही निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री आलोक संजर,

डॉ. मनोज राजोरिया,

श्री पी.पी.चौधरी,

श्री रामचरण बोहरा और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सी.आर.चौधरी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अजय मिश्रा टेनी, उपस्थित नहीं।